भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-171

उत्तर देने की तारीख 19/12/2022

मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय

†*171. श्रीमती कविता मलोथू:
डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हैदराबाद में मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय में प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों और असिस्टेंट प्रोफेसरों इत्यादि के स्वीकृत शिक्षण पदों का ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त विश्वविद्यालय में स्वीकृत गैर-शिक्षण पदों का श्रेणी- वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या उपर्युक्त विश्वविद्यालय में 87 शिक्षण पद और 88 गैर- शिक्षण पद रिक्त पड़े हैं;
(घ) यदि हां, तो रिक्त पदों के विवरण सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ये पद कब से रिक्त हैं और इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) उक्त विश्वविद्यालय में अंशकालिक, संविदा, आउटसोर्सिंग एवं प्रति घंटा आधारित शिक्षण का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

'मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्यों श्रीमती कविता मलोथू और डॉ. जी. रणजीत रेड्डी द्वारा दिनांक 19.12.2022 को उत्तर के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 171 के उत्तर के भाग (क) से (ड.) में संदर्भित विवरण

(क) मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय में स्वीकृत शिक्षण पदों का विवरण निम्नानुसार है:

पदों का नाम	स्वीकृत पदों की संख्या
प्रोफेसर	44
एसोसिएट प्रोफेसर	93
असिस्टेंट प्रोफेसर	295
कुल	**432**

(ख) मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय में स्वीकृत गैर-शिक्षण पदों का विवरण निम्नानुसार है:

पदों का नाम	स्वीकृत पदों की संख्या	श्रेणी वार						
		सामान्य	एससी	एसटी	ओबीसी	ईडबल्यूएस	पीडबल्यूडी	कुल
समूह-क	58	47	04	01	05	01	00	58
समूह-ख	131	90	12	04	23	00	02	131
समूह-ग	258	166	29	09	49	03	02	258
कुल	**447**	**303**	**45**	**14**	**77**	**04**	**04**	**447**

(ग) से (ङ): रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय ने सभी केंद्रीय वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थानों को रिक्त पदों को भरने का निदेश दिया है, जिसकी नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। यूजीसी/एआईसीटीई के मानदंडों के अनुसार विभिन्न विभागों/सीटीई/पॉलिटेक्निकों में अल्पावधि अनुबंध के आधार पर 120 संकायों को नियुक्त किया गया था। सात (07) अंशकालिक (अतिथि) संकाय प्रति पीरियड के आधार पर विभिन्न विभागों में नियुक्त हैं। एमएएनएनयू में 86 शिक्षण पद और 62 गैर-शिक्षण पद रिक्त हैं। रिक्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:

शिक्षण पद		गैर शिक्षण पद	
प्रोफेसर	21	समूह क-	12
एसोसिएट प्रोफेसर	32	समूह ख-	20
असिस्टेंट प्रोफेसर	33	समूह ग-	30
कुल	**86**	**कुल**	**62**

*****